पत्र सूचना कार्यालय

भारत सरकार

दिनांक. 29.10.2018

प्रेस विज्ञप्ति

श्री राजनाथ सिंह ने छोटे उद्योगों के महत्व पर बल दिया

केंद्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह ने छोटे उद्योगों के महत्व पर बल दिया है। उन्होने कहा कि छोटे उद्योगों से जहां हम गरीबों की माली हालत सुधार सकते हैं वहीं देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने में सहयोग कर सकते हैं।

वे आज अपने एक दिन के आगरा दौरे के क्रम में आगरा महोत्सव में बोल रहे थे। श्री राजनाथ सिंह ने स्वदेशी उद्योगों के माध्यम से तैयार वस्तुओं की गुणवत्ता बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि गुणवत्ता बढ़ने से इन वस्तुओं की लोकप्रियता अपने आप बढ़ेगी।

उन्होने कहा कि "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और बड़ी संख्या में विदेशी कंपनियां आगे आ रही हैं। विदेशी कंपनियों द्वारा कारख़ाना लगाए जाने से लोगों को और भी ज्यादा रोजगार मिलेगा।

केंद्रीय गृहमंत्री ने लोगों से अपनी सोच में नयापन लाने और उपलब्ध उद्योगों से ही नई-नई तरह की चीजें बनाने की जरूरत बताई जो बाजार में लोकप्रिय हो सके। केंद्रीय गृहमंत्री ने इस अवसर पर वीरांगना अटल सम्मान के अधीन देश की सुरक्षा के लिए शहीद हुए सैन्य तथा पुलिसकर्मियों की विधवाओं को सम्मानित किया। साहित्य तथा संस्कृति के क्षेत्र की अनेक विभूतियों को भी सम्मानित किया गया।

****

विनय/गौरव